आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 26.03.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता बने। नवीनतम वैश्विक सर्वेक्षण में उन्हें 68 प्रतिशत रेटिंग मिली।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून–पिथौरागढ़ विमान सेवा का शुभारंभ किया। कहा – सीमांत क्षेत्रों को हवाई सेवाओं से जोड़ना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।
- कुंभ मेला के आधिकारिक 'लोगो' डिज़ाइन के लिए नागरिकों से रचनात्मक प्रविष्टियां आमंत्रित की गईं। आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है उद्देश्य।
- प्रदेश में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

..........................................................................

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में स्थान दिया गया है। अमरीकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा किए गए नवीनतम वैश्विक सर्वेक्षण में उन्हें 68 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है। 2 से 8 मार्च के बीच किए गए इस सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से काफी आगे हैं। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय परमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे–म्यंग दूसरे स्थान पर हैं, दोनों को 62 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग मिली है। चेक गणराज्य और अर्जेंटीना के नेताओं को क्रमशः 57 प्रतिशत और 56 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प को 39 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग मिली और वे शीर्ष दस में शामिल नहीं हो सके।

..........................................................................

देहरादून–पिथौरागढ़ विमान सेवा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर देहरादून से पिथौरागढ़ और पिथौरागढ़ से देहरादून विमान सेवा का शुभारंभ किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस 42 सीटर विमान सेवा शुरु होने से पिथौरागढ़ से देहरादून का सफर एक घंटे में पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए हवाई सेवाएं मात्र एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी है। दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में आवश्यक सामग्री पहुँचाने से लेकर गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक लाने में हवाई सेवाएं कारगर साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों को हवाई सेवाओं से जोड़ना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

.........................................................................

<u>व्यावसायिक पैराग्लाइडिंग</u>

प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने और इससे स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इसी के तहत चम्पावत जिले के डांडा–ककनई और बाणासुर किला क्षेत्र में व्यावसायिक पैराग्लाइडिंग शुरू हो गई है। जिले के बाणासुर किले में टेक ऑफ पॉइंट के लिए 20 डिग्री का ढलान और 700 मीटर लंबा ट्रैक रूट तैयार किया गया है, जिसके बाद यहां व्यावसायिक पैराग्लाइडिंग की शुरुआत हुई है। चम्पावत साहसिक पर्यटन और परिवहन सहकारी संघ के सचिव व पैराग्लाइडर आशीष कोहली ने बताया कि जिले के बाणासुर किले के पास से पिछले एक साल से पैराग्लाइडिंग पर कार्य किया जा रहा था और गत 15 मार्च से पैराग्लाइडिंग की शुरुआत भी गई है, जिसमें लोग रुचि ले रहे हैं।

वहीं, भीमताल के टैंडम पैराग्लाइडिंग पायलट मयंक उप्रेती ने बताया कि यहाँ स्थानीय लोगों को पैराग्लाइडिंग कराई जा रही है। इसकी 3 से 10 मिनट तक की फ्लाइट की जाती है, जिसका शुल्क अभी 300 रुपये रखा गया है

स्थानीय निवासी अंकिता ढेक ने बताया कि पैराग्लाइडिंग कर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने लोगों से भी इस क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग करने की अपील की।

.........................................................................

<u>कुंभ प्रतीक चिह्न</u>

हरिद्वार में आगामी कुम्भ मेला की तैयारियों के तहत मेला प्रशासन ने आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल शुरू की है। इसके तहत कुंभ मेला के आधिकारिक प्रतीक चिन्ह यानी 'लोगो' के डिज़ाइन के लिए नागरिकों से रचनात्मक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। मेलाधिकारी सोनिका ने बताया कि कुम्भ मेला भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। इसे दिव्य और भव्य स्वरूप देने की तैयारियों के क्रम में आमजन की रचनात्मक सहभागिता के माध्यम से आधिकारिक 'लोगो' तैयार करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित लोगो ऐसा होना चाहिए, जो कुम्भ मेला की धार्मिक आस्था के साथ–साथ इसकी ऐतिहासिक विरासत को आकर्षक व प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करे। उन्होंने कहा कि 'लोगो', आयोजन की प्रमुख पहचान बनेगा, इसलिए इसमें नवाचार के साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं की स्पष्ट झलक होना आवश्यक है। मेलाधिकारी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी अपने द्वारा तैयार 'लोगो' की सॉफ्ट और हार्ड कॉपी 15 दिनों के भीतर मेला नियंत्रण भवन, हरिद्वार स्थित कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयनित 'लोगो' डिज़ाइन के रचनाकार को सम्मानित किया जाएगा।

................................................................................

रामनवमी

प्रदेश में आज रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भजन–कीर्तन, रामायण पाठ और विशेष पूजा–अर्चना के साथ भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। अनेक स्थानों पर शोभायात्राएं और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में माँ दुर्गा स्वरूप की पूजा–अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। घरों और मंदिरों में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण पखारे और विधिपूर्वक पूजन किया। चम्पावत जिले के माँ बाराही धाम देवीधुरा में भक्तों की खासी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने कहा कि माँ बाराही मन्दिर में सच्ची आस्था से आने वाले भक्तों की मनोकामना पूरी होती है।

रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''मुख्यमंत्री आवास'' में कन्या पूजन कर देवी स्वरूपा बालिकाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक रीति–रिवाजों के अनुसार कन्याओं को भोजन कराया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

................................................................................

ऑपरेशन नाई वॉच

हुड़दंगी छात्रों और युवकों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से देहरादून पुलिस ने ऑपरेशन नाइट वॉच शुरू किया है। इसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय सघन चेकिंग अभियान चलाकर व्यापक कार्रवाई की जा रही है। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने, हुड़दंग करने या आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले छात्रों और युवकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संबंधित कॉलेज या विश्वविद्यालय से ऐसे छात्रों के निष्कासन की कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में शिक्षण संस्थानों के आसपास सक्रिय गुटबाजी करने वाले छात्रों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

................................................................................